# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2013

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2013

## (ANNUAL / वार्षिक)

# HOME SCIENCE

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 70

SECTION - A

I. निम्नलिखित प्रश्न संख्या 1 से 10 में चार विकल्पों में से केवल एक सही है। आपको उस सही विकल्प को चुनना है :

bsebresult.in

1. बच्चों के अस्थायी दाँत होते हैं

(a) 5

(b) 8

(c) 12

(d) 20

2. क्षय रोग फैलने का माध्यम है

(a) दूषित वायु

(b) प्रदूषित भोजन

(c) प्रदूषित मिट्टी

(d) इनमें से सभी

3. निम्न में से कौन विशिष्ट बालकों का प्रकार नहीं है ?

(a) आर्थिक अक्षमता

(b) शारीरिक अक्षमता

(c) मानसिक अक्षमता

(d) सामाजिक अक्षमता

4. बच्चे को वैकल्पिक देखरेख की आवश्यकता होती है

(a) माता के बीमार पड़ने पर

(b) पिता के नौकरी पर जाने पर

(c) माता-पिता की अनुपस्थिति में

(d) इनमें से सभी

bsebresult.in

5. बच्चों के स्कूल का टिफिन होना चाहिए

(a) संतुलित

(b) जिससे बच्चे का स्कूल बैग, पुस्तकें खराब न हों

(c) प्रतिदिन विभिन्नता लिए हुए

(d) इनमें से सभी

6. ओ. आर. एस. पेय बनाने के लिए इसे किसके साथ मिलाना चाहिए ?

(a) दूध

(b) सूप

(c) जूस

(d) इनमें से कोई भी नहीं

7. ब्याज एवं लाभांश पारिवारिक आय का कौन-सा प्रकार है ?

(a) मौद्रिक आय

(b) प्रत्यक्ष वास्तविक आय

(c) अप्रत्यक्ष वास्तविक आय

(d) मानसिक आय

8. निम्न में से कौन खाद्य पदार्थ संबंधित भारतीय मानक चिह्न है ?

(a) एगमार्क

(b) वुलगार्क

(c) हॉलमार्क

(d) इकोमार्क

9. कीड़ों को वस्त्रों से दूर रखने के लिए निम्न में से किसका प्रयोग करना चाहिए ?

(a) सूखी नीम की पत्तियाँ

(b) नैफ्थलीन की गोलियाँ

(c) समाचार-पत्र की स्याही

(d) इनमें से सभी

10. निम्न में से कौन गृह विज्ञान की शाखा नहीं है ?

(a) प्रसार शिक्षा

(b) डायटेटिक्स

(c) वस्त्र विज्ञान

(d) मानव विकास

bsebresult.in

11. निम्नलिखित प्रश्न संख्या 11 से 15 में दो कथन दिए गये हैं। दोनों कथनों को ध्यान से पढ़ें तथा नीचे दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) दोनों कथन सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

(b) दोनों कथन सही हैं परंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन-I सही है, परन्तु कथन-II असत्य है

(d) कथन-I असत्य है, परन्तु कथन-II सही है

11. कथन-I : अपमिश्रण से खाद्य-पदार्थों की गुणवत्ता का स्तर निम्न हो जाता है।

कथन-II : अपमिश्रण से कभी-कभी भोजन सुस्वादु भी हो जाता है।

12. कथन-I : राष्ट्रीय बचत पत्र केवल पोस्ट ऑफिस से खरीदा जा सकता है।

कथन-II : राष्ट्रीय बचत पत्र में निवेश पर आयकर में छूट मिलती है।

13. कथन-I : निश्चित जमा खाते में धनराशि एक निश्चित अवधि के लिए जमा की जाती है।

कथन-II : बचत खाता में पैसा रखने से निश्चित अवधि के लिए लॉक हो जाता है।

14. कथन-I : रोग प्रतिरोधक क्षमता से तात्पर्य है रोग का बढ़ना या रुक जाना।

कथन-II : रोग प्रतिरोधक क्षमता से रोग का सामना करने की क्षमता बढ़ती है।

15. कथन-I : रेडिमेड कपड़े समाज के सभी वर्गों के लिए वरदान साबित होते हैं।

कथन-II : "काम अधिक, समय कम" ने रेडिमेड कपड़ों की लोकप्रियता बढ़ा दी है।

III. प्रश्न संख्या 16 से 18 तक के प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें और यह 'सही' है या 'गलत' लिखें :

bsebresult.in
by: BSEBResult.In
bsebresult.in

16. यदि उपभोक्ता जागरुक हो, तो भी उसका शोषण हो सकता है।

17. वस्त्र शारीरिक कमियों को छुपा नहीं सकता।

18. स्वरोजगार से तात्पर्य है अपना व्यवसाय स्थापित करना।

IV. प्रश्न संख्या 19 से 22 तक में दो स्तम्भ-I दिए गए हैं। स्तम्भ-I में चार पदों का सही मेल स्तम्भ-II के विकल्पों से करें :

| स्तम्भ-I | स्तम्भ-II |
|---|---|
| 19. पंखा | (a) एफ. पी. ओ. |
| 20. मक्खन | (b) एगमार्क |
| 21. जैम | (c) हॉलमार्क |
| 22. सोना | (d) आई. एस. आई. |

bsebresult.in

V. प्रश्न संख्या 23 से 25 तक के लिए दिए गये अवतरण को ध्यान से पढ़ें तथा नीचे दिए गये विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

अवतरण : शिशु को माँ के स्तनों के पास सामान्य प्रसव में आधा घंटा एवं सिजेरियन प्रसव में चार घंटे के बाद रख देना चाहिए। शुरुआत के 2 या 3 दिनों में माता के स्तनों से पीला द्रव्य निकलता है जिसे कोलोस्ट्रम कहते हैं जो बच्चों का पहला टीका होता है। एक स्तनपान करने वाला बच्चा को पूरक आहार जैसे मिश्री, शहद, ग्लूकोज, यहाँ तक कि पानी का भी जरूरत नहीं होती। माता के दूध से बहुत सारे फायदे हैं। यह शुद्ध, ताजा, हमेशा तैयार, बीमारी (जैसे-अतिसार) में जारी रखा जा सकता है, माता एवं बच्चा दोनों के लिए संतोषप्रद होता है।

23. सामान्य प्रसव में स्तनपान शुरू कर देना चाहिए

(a) आधा घंटा में

(b) एक घंटा में

(c) 24 घंटे में

(d) 48 घंटे में

24. निम्न में से कौन माता के दूध के साथ नवजात की जरूरत होती है ?

(a) शहद

(b) ग्लूकोज

(c) पानी

(d) इनमें से कोई नहीं

25. माता का दूध

(a) अपमिश्रित नहीं हो सकता

(b) यदि बच्चों को डायरिया है तब भी दिया जा सकता है।

(c) सिर्फ बच्चों के लिए संतोषप्रद होता है

(d) हमेशा ताजा होता है

bsebresult.in

SECTION-B

प्रश्न संख्या 1 से 12 तक लघु उत्तरीय कोटि के हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न दो अंक का है :

1. वृद्धि तथा विकास के बीच अंतर स्पष्ट करें।

2. अतिसार तथा निर्जलीकरण में क्या संबंध है? इसे किस प्रकार से रोका जा सकता है ? 3. एक नवजात शिशु की वैकल्पिक देखभाल संबंधियों द्वारा किये जाने के लाभों की चर्चा करें |

4. ज्वर के प्रकार पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

5. भोजन पकाने के क्या कारण हैं ?

6. नर्सरी स्कूल/बालवाड़ी के उद्देश्य क्या हैं ?

7. नवजात शिशु के जन्म के पश्चात् की आवश्यकताएँ क्या है ?

8. धब्बों के विभिन्न प्रकार क्या है ?

9. विभिन्न रंग विभिन्न तरह के भाव को अभिव्यक्त करते हैं। किन्हीं चार उदाहरणों को सहायता से समझाइए ।

10. जीवन बीमा के लाभों की चर्चा करें।

11. पारिवारिक आय कितने प्रकार की होती है ? उदाहरण सहित समझाइए ।

12. बाल अपराध के बालक के विभिन्न व्यवहार क्या है ?

इस खण्ड के प्रश्न दीर्घ उत्तरीय कोटि के हैं। सभी तीन प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न छः अंक का है।

13. मानव शरीर में जल के कार्य क्या है ?

अथवा

वस्त्रों की देखभाल के सामान्य नियम क्या है ?

bsebresult.in

14. रसोईघर की स्वच्छता के लिए क्या नियम अपनायेंगे ?

अथवा

पारिवारिक आय बढ़ाने के विभिन्न साधन क्या है ?

15. सिलेसिलये तैयार वस्त्र खरीदते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

अथवा

भोजन पकाने, परोसने और खाने में किन-किन नियमों का पालन करना चाहिए ?

बिहार बोर्ड से संबंधित सभी जानकारी, लेटेस्ट न्यूज़, प्रश्न पत्र, मॉडल पेपर, एडमिट कार्ड, रजिस्ट्रेशन कार्ड, परीक्षा तिथियां, आधिकारिक डायरेक्ट लिंक इत्यादि सबसे पहले पाने के लिए...

BSEBResult.In

विजिट करें।

bsebresult.in